संक्षिप्त पर महत्वपूर्ण

## ढाई साल की बच्ची से दुष्कर्म का प्रयास, प्रकरण दर्ज

**जबलपुर** • कोतवाली थाना अंतर्गत एक ढाई साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया गया है। बच्ची जब रोते हुए घर पहुंची तब इस बात की जानकारी बच्ची के परिजनों को लगी। बताया जाता है कि आरोपी भी नाबालिग है जो बच्ची के पड़ोस में ही रहता है। कोतवाली थाना प्रभारी आर के मालवीय ने बताया कि घटना चेरीताल की है। यहां रहने वाले हेमंत पटेल की ढाई साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया गया है। घटना कल शाम की है। थाना प्रभारी का कहना है कि बच्ची के परिजनों ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि कल शाम खेलते खेलते उनकी बच्ची पास ही रहने वाले गुप्ता परिवार के घर चली गई थी। इस दौरान उनका बनालिग लड़का बच्ची से अश्लील हरकतें करने लगा। जिसके बाद बच्ची के परिजनों ने नाबालिग लड़के के माता पिता से इसकी शिकायत की। वहीं देर रात बच्ची के परिजन थाने पहुंचे। मालवीय का कहना है कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है। आरोपी भी नाबालिग है जो बच्ची के पड़ोस में ही रहता है। कोतवाली थाना प्रभारी आरके मालवीय ने बताया कि घटना चेरीताल की है।

**महंगाई** | टमाटर का स्वाद न होने से सब्जियों का भी स्वाद बदल गया है

# टमाटर के दाम ने बिगाड़ा सब्जी का स्वाद, 70 रूपए किलो भाव

**जबलपुर में टमाटर लगभग 60 रूपए किलो में बिक रहा है। थोक व्यापारियों का कहना है कि जबलपुर व उसके आसपास से टमाटर की फसल नहीं होने के कारण टमाटर बेंगलुरू से आ रहे हैं**



स्वदेश संवाददाता, जबलपुर

आम आदमी को प्याज के आंसू रूलाने के बाद अब टमाटर आंखे तरेर रहा है। पिछले दस दिनों में टमाटर के भाव आसमान छूने लगे हैं। जबलपुर में टमाटर लगभग 60 रूपए किलो में बिक रहा है। थोक व्यापारियों का कहना है कि जबलपुर व उसके आसपास से टमाटर की फसल नहीं होने के कारण टमाटर बेंगलुरू से आ रहे हैं। साथ ही लगातार बढ़ते डीजल-पेट्रोल के दाम भी सब्जियों के भाव बढ़ने के लिए जिम्मेदार हैं। पेट्रोल, डीजल, बिजली के बाद अब सब्जियों ने आम आमदियों को रोने पर मजबूर कर दिया है। जिसका असर लोगों की रसोई पर साफ दिखाई दे रहा है। आलम तो यह हो गया है कि अब घरों में टमाटर कम ही देखे जा रहे हैं। पहले आलू, प्याज फिर अब टमाटर लोगों को रूलाने में आमदा नजर आ रहे हैं। टमाटर के भाव आसमान छूते नजर आ रहे हैं। वहीं सब्जियों में टमाटर का स्वाद न होने से सब्जियों का भी स्वाद बदल गया है। शहर में इन दिनों टमाटर 60 से 70 रूपये किलो बिक रहा है। टमाटर के साथ अन्य हरी सब्जियां भी महंगी हो गई है। आम नागरिकों का कहना है कि टमाटर दाल सब्जी सहित अन्य चीजों में डाला जाता है जिससे खाने का स्वाद ही बदल जाता है। लेकिन इन दिनों टमाटर खरीदना उनकी जेब पर भारी पड़ गया है।

### दस दिनों में बढ़े दाम

सब्जी व्यापारियों का कहना है कि दस दिनों पूर्व जहां टमाटर के दाम 20 रूपए किलो के आसपास थे। वहीं अब यह 60 से 70 रूपए तक पहुंच चुके हैं। वहीं एक हफ्ता पूर्व यहीं टमाटर चालीस रूपए किलो बिक रहे थे। महज दस दिनों में टमाटर के भाव तीन गुना बढ़ गए हैं।

### टमाटर की फसल से पड़ा असर

सब्जी व्यापारियों का कहना है कि टमाटर के दाम बढ़ने की मुख्य वजह शहर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में टमाटर की फसल न होना है।

# इस वर्ष कांवड़ा यात्रा को विराम

स्वदेश संवाददाता, जबलपुर

कोरोना संक्रमण की रोकथाम के प्रभावी प्रयासों के बीच पुलिस-प्रशासन के साथ संत समाज ने शहर से लेकर देहात तक निकलने वाली धार्मिक कावड़ यात्राओं को इस वर्ष विराम देने का निर्णय लिया है। एसपी सिद्धार्थ बहुगुणा की अपील पर सभी संतों ने कावड़ यात्रा एवं झंडा जुलूस न निकालने तथा मंदिरों में आने वाले भक्तों में शरीरिक दूरी बनाएं रखने कड़ाई से पालन कराने की सहमति दी गई है। कावड़ यात्रा के स्थान पर आयोजन समितियों द्वारा मदनमहल पहाड़ी के साथ नर्मदा किनारे पौधारोपण करने का निर्णय लिया गया है। शांति समिति की इस बैठक में अपर कलेक्टर संदीप जीआर, एएसपी अमित कुमार, अगम जैन, डॉ. संजीव उइके एवं विभिन्न धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि, संस्कार कावड़ यात्रा एवं नर्मदा संदेश कावड़ यात्रा आयोजन समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे। कावड़ यात्रा विराम के निर्णय के बाद एसपी सिद्धार्थ बहुगुणा के निर्देश पर शहर से लेकर देहात तक करीब 38 थानों में थाना प्रभारियों द्वारा बैठक की गई। जिसमें निर्णय लिया गया कि सोमवार से शुरू होने वाले श्रावण माह में शिव मंदिर पहुंचने वाले भक्त कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए पुलिस -प्रशासन का पूर्ण सहयोग करेंगे। मंदिर में प्रवेश दौरान भी भक्त मास्क लगाकर रखेंगे। भक्त एक-दूसरे से करीब 3 से 5 फीट की दूरी बनाकर रखेंगे। थाना परिसर में हुईं बैठक में स्थानीय जनप्रतिनिधि, नगर निगम एवं नगर पालिका अधिकारियों के साथ प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। मंदिर में जल चढ़ाने वालों की भीड़ न हो और कोरोना की निर्धारित गाइड लाइन का पालन कराने के लिए एसपी ने सभी अधिकारियों की जिम्मेदारी तय कर दी है। शहर से लेकर देहात तक कुछ चिन्हित शिव मंदिरों में होने वाली भीड़ को संभावित संक्रमण से बचाने के लिए हर सावन सोमवार को पुलिस बल भी तैनात किया जाएगा। राजपत्रित अधिकारियों द्वारा ली गई बैठक में उपस्थित मंदिर के पदाधिकारियों एवं आमजन ने मंदिर परिसर में शरीरिक दूरी बनाए रखने का संकल्प लिया है। संत एवं मंदिरों के पुजारियों ने कहा कि कोरोना अवधि में हम सभी पुलिस-प्रशासन के निर्णय के साथ हैं।

### सभी अधिकारियों की जिम्मेदारी तय

मंदिर में जल चढ़ाने वालों की भीड़ न हो और कोरोना की निर्धारित गाइड लाइन का पालन कराने के लिए एसपी ने सभी अधिकारियों की जिम्मेदारी तय कर दी है। शहर से लेकर देहात तक कुछ चिन्हित शिव मंदिरों में होने वाली भीड़ को संभावित संक्रमण से बचाने के लिए हर सावन सोमवार को पुलिस बल भी तैनात किया जाएगा।

# बसों के संचालन का इंतजार कर रहे यात्री

स्वदेश संवाददाता, जबलपुर

जबलपुर। कोरोना महामारी के कारण प्रदेश में लगभग तीन माह तक लॉकडाउल रहा। लोगों का काम धंधा, व्यापार सब बंद रहा। लॉकडाउन का असर ऑटो, ट्रक व बस व्यवाय पर भी पड़ा। सरकार के निर्देश पर तीन माह तक पूरे प्रदेश की लगभग 32 हजार से अधिक बसों के पहिए थमे रहे।वहीं अब जब ट्रेनों, ऑटो व सिटी बसों का संचालन शुरू कर दिया गया है तो ऐसे में यात्री बसों का भी संचालन शुरू किया जाना चाहिए। यह कहना है कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता टीकाराम कोष्टा का। टीकाराम कोष्टा ने बताया कि प्रदेश सहित शहर के बस संचालकों की आर्थिक हालत खराब हो चुकी है।

# ननि कमिशनर ने किया ग्वारीघाट का निरीक्षण



**जबलपुर।** नगर निगम कमिशनर अनूप सिंह ने आज सुबह अचानक ग्वारीघाट क्षेत्र का निरीक्षण किया। निगम कमिशनर के ग्वारीघाट पहुंचने से जोन कार्यालय में हड़कंप मच गया। इस दौरान उन्होंने वहां की साफ सफाई का जायजा लिया। अधिकारियों को नर्मदा के घाटों को पूर्णत: साफ सुधरा रखने के आदेश दिए साथ ही क्षेत्र की भी नियमित सफाई करने को कहा। इसके अलावा अवैध वाहन स्टेण्डों पर भी कार्रवाई करने के आदेश दिए।

### निजीकरण के विरोध में रेलवे कर्मचारियों का प्रदर्शन

**जबलपुर** •केन्द्र सरकार द्वारा लगातार मजदूर विरोधी नीतियों, श्रम कानूनों में व्यापक बदलाव व मंहगाई भत्ता पर रोक हटाने,भारतीय रेल का निजीकरण करने आदि के विरोध में एनएफआईआर के आह्वान पर को डब्ल्यूसी आरएमएस के कार्यकताओं ने डीआरएम कार्यालय के सामने जमकर नारेबाजी की। यह प्रदर्शन वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ के अध्यक्ष डॉ. आरपी भटनागर के निर्देश पर तथा संघ के जोनल महामंत्री अशोक शर्मा के मार्गदर्शन में किया गया। संघ प्रवक्ता सतीश कुमार ने बताया कि मंडल सचिव डीपी अग्रवाल के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के मजदूर विरोधी कृत्यों के खिलाफ हुये विरोध प्रदर्शन में आक्रोशित रेल कमचारियों ने मंत्रालय द्वारा विगत दिवस 109 ट्रेनों को पूंजीपतियों के हवाले करने के निर्णय से रेल अस्तित्व पर खतरा पैदा हो गया है। डीपी अग्रवाल ने कहा कि केन्द्र सरकार रेलवे को बेचना चाहती है जिसे हम कामयाब नहीं होने देंगे। प्रदर्शन के दौरान एसके वर्मा, रोशन सिंह यादव, हर्ष संतोष त्रिवेणी, अफसर हुसैन, देवी यादव सहित अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मध्य प्रदेश बोर्ड के 10वीं के नतीजे घोषित, मैरिट लिस्ट से जबलपुर के 13 छात्र

स्वदेश संवाददाता, जबलपुर



माध्यमिक शिक्षा मंडल ने आज 10वीं कक्षा का रिजल्ट घोषित कर दिया है। शिक्षा मंडल ने कक्षा दसवीं के दो विषयों हिंदी और अंग्रेजी में छात्रों को जनरल प्रमोशन दे दिया है। वहीं आज 4 विषयों का रिजल्ट घोषित कर दिया है। माध्यमिक शिक्षा मंडल ने अपने वेबसाइट पर ऑनलाइन ही रिजल्ट घोषित किया। शिक्षा मंडल ने कक्षा दसवीं के दो विषयों हिंदी और अंग्रेजी में छात्रों को जनरल प्रमोशन दे दिया है। भिंड के अभिनव शर्मा ने टॉप किया है।

### मेरिट लिस्ट में जबलपुर के 13 छात्रों ने मारी बाजी

माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड द्वारा दसवीं कक्षा के नतीजे घोषित कर दिए गए। प्रदेश मेरिट में जबलपुर जिले से 13 छात्रों ने बाजी मारी है। इन छात्रों ने कुल प्राप्तांक 300 में से 398 से लेकर 394 तक के अंक प्राप्त किए हैं। छात्रों की इस उपलब्धि को लेकर छात्र छात्राओं के परिजनों में खुशी का ठिकाना नहीं है। उनके घर में सेलिब्रेशन हो रहा है। लोग बधाई देने पहुंच रहे हैं।

### इन छात्रों ने मारी बाजी

कुमारी जिज्ञासा जैन सैंट नॉरबर्ट स्कूल नेपियर टाउन 300 में से 298, शुभम कुशवाहा सालेम इंग्लिश मीडियम स्कूल सिहोरा 300 मैसेज 297, अनीश पटेल समदड़िया पब्लिक स्कूल 300 में से 297, संचार खरे मॉडल हाई स्कूल 300 में से 297, कुमारी त्रिपाठी स्प्रिंग डे हाई स्कूल 300 में से 297, कुमारी पूजा सिंह तक्षशिला उच्च माध्यमिक विद्यालय खितौला 400 में से 395, कुमारी कंचन कुशवाहा सरस्वती उच्च माध्यमिक विद्यालय 400 में से 395, कुमारी पवित्र पटेल सरस्वती हाई स्कूल हायर सेकेंडरी स्कूल 400 में से 395,सारांश वोत्री केकेवी इंग्लिश मीडियम स्कूल 300 में से 296
आदि जैन मॉडल हाई स्कूल 365 296, यस प्यासी सरस्वती स्कूल 400 में से 394, सृजन केवट नवीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय 400 में से 394 ,कुलदीप सिंह ठाकुर सरस्वती विद्यालय 400 में से 394

# प्लेटफार्म तीन पर बनेगा आरक्षण केन्द्र

स्वदेश संवाददाता, जबलपुर

मदन महल पिंक रेलवे स्टेशन को टर्मिनल स्टेशन बनाने तथा उसे भोपाल के हबीबगंज रेलवे स्टेशन की तर्ज पर विकसित करने के लिए चरणबद्ध तरीके से काम किया जा रहा है। पहले चरण में रेलवे प्लेटफार्म न बर-2 के चौड़ीकरण एवं नए प्लेटफार्म न बर-4 के निर्माण के पूरा होने के पश्चात मदन महल स्टेशन के जबलपुर एण्ड की तरफ नया फुट ओवर ब्रिज का निर्माण शुरू किया जाएगा। ब्रिज निर्माण कार्य के पूरा होते ही सभी प्लेटफार्म पर एस्केलेटर लगाए जाएंगे ताकि यात्री एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म पर आसानी से पहुंच सकें। इंजीनियरिंग विभाग से मिली जानकारी के अनुसार मदन महल स्टेशन पर अभी जो फुट ओवर ब्रिज बना हुआ है उसमें फेरबदल करते हुए ब्रिज से प्लेटफार्म नंबर-2 पर उतरने वाली सीढ़ियों को अलग करना नक्शे में शामिल किया गया है। तीन नंबर प्लेटफार्म पर शिफ्ट होगा आरक्षण केन्द्र वर्तमान में 1 नंबर प्लेटफार्म पर चल रहे टिकट आरक्षण केन्द्र को 3 नंबर-प्प्लेटफार्म पर ले जाने की कार्य योजना भी तैयार की गई है। बताया जाता है कि प्लेटफार्म नंबर-1 के अनुपात में प्लेटफार्म न बर- 3 का सकुर्लेटिंग एरिया वाहन पार्किंग के लिहाज से बेहतर है।

### बीना में खाद बनाने वाली फैक्ट्री को नोटिस

स्वदेश संवाददाता, सागर

24 जून को न्यू रिलायंस केमिकल्स प्लाट नं,.204, नौगांव इंडस्ट्रीयल एरिया बीना फैक्टरी से उत्पादित औषधि क्लोरोपाईरी फास 20 प्रतिशत ईसीए 20 प्रतिशत ईसीए बैच नं एनआरसी01 का नमूना 15 जून को वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सह कीटनाशी निरीक्षक द्वारा लिया गया था। प्रयोगशाला द्वारा अमानक परिणाम प्राप्त हुये है।

# कुएं में कूदकर युवक ने दी जान

स्वदेश संवाददाता, जबलपुर

बेलबाग में रहने वाले एक युवक ने देर रात घर के पास ही बने एक कुए में कूंदकर अपनी जान दे दी। युवक द्वारा उठाए गए इस आत्मघाती कदम की पूरी तस्वीर पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। जिससे यह साबित हो गया कि युवक ने आत्म हत्या की थी। थाना बेलबाग में आज सुबह 6 बजे रंजीत चौधरी निवासी भानतलैया कलारी के पीछे ने सूचना दी कि उसके चाचा का लड़का अजय एवं वह रात में घर में थे। रात 2.30 बजे चाचा श्रीमान चौधरी ने बताया कि अजय के कमरे का कूलर चल रहा है। अजय कमरे मे नहीं है, वह एवं चाचा चाची तथा घर के अन्य लोग, अजय की तलाश कर रहे थे। रामगीर के बाड़े में कुएं के पास पहुंचे तो देखा कि भाई अजय की कुए के पास चप्पल रखी दिखी। सुबह 4 बजे कुए के पास रहने वाले अजेश सोंधिया के घर में लगे सीसीटीव्ही कैमरे की फुटेज देखे तो कैमरे के फुटेज में अजय कुएं में कूदते हुये दिखाई दिया।
कुएं मे टार्च से देखा लेकिन पानी अधिक होने से दिखाई नहीं दे रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा शव को कुएं के पानी से बाहर निकलवाते हुए पंचनामा कार्रवाई कर शव को पीएम हेतु भिजवाते हुये मर्ग कायम कर जांच मे लिया गया।

# कोल्ड ड्रिंक की बोतल में बेचने निकला था शराब, आरोपी बंदी



स्वदेश संवाददाता, जबलपुर

कोल्ड्रिंक की बोतल में शराब बेंचने निकले एक तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से कच्ची शराब भी जप्त की गई है। थाना प्रभारी शहपुरा संदीप अयाची ने बताया कि कल रात मुखबिर से सूचना प्राप्त हुयी कि ग्राम किसरौद में हीरालाल पटैल केन में कच्ची शराब लिए बेचने के उद्देश्य से स्कूल के पास घूम रहा है। सूचना पर मुखबिर के बताए स्थान पर दबिस दी गई। स्कूल के सामने पुलिया के पास खड़े होकर हरे रंग की 2 कोल्ड ड्रिंग्स की बाटल में कच्ची शराब रखकर एवं प्लास्टिक की डिस्पोजल ग्लास लिए कच्ची महुआ की शराब बेचते हुए मिला। जिसे घेराबंदी कर पकड़ा एवं नाम पता पूछा जिसने अपना नाम हीरालाल पटैल निवासी किसरौद का रहने वाला बताया। तलाशी लेने पर नाले के पासझाड़ियों में चार प्लास्टिक की सफेद केन में अवैध रूप से कच्ची शराब रखे मिला। जिसके संबंध मे पूछताछ करने पर बताया कि बेचने के लिये कच्ची शराब अवैध रूप से ग्राम रामघाट पिपरिया के पंचू मल्लाह से खरीदकर लाना बताया। आरोपी हीरालाल पटैल एवं पच्चू मल्लाह के विरूद्ध आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध करते हुये आरोपी पंचू मल्लाह की तलाश पतासाजी जारी है।

# राजश्री न देने पर मारा चाकू, मामला दर्ज

स्वदेश संवाददाता, जबलपुर

रांझी थाना अंतर्गत दो युवकों पर मामूली सी बात पर चाकू से हमला किया गया है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं आरोपियों की पुलिस तलाश कर रही है। रांझी थाने में शनिवार रात अनिल चौधरी निवासी गंगामैया ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अपने घर के पास खड़े होकर राहुल चौधरी से बातचीत कर रहा था। उसी समय रोशन ठाकुर आया और उससे राजश्री मांगने लगा। उसने कहा राजश्री नहीं है तो रोशन ठाकुर ने चाकू से हमला कर उसकी वायें जांघ में आगे पीछे चोट पहुंचा दी।


HDFC BANK
We understand your world

ट्रेड आफिस : एचडीएफसी बैंक हाउस, सेनापति बापट मार्ग, लोवर पटेल (वेस्ट) मुंबई-400013
रीजनल आफिस : डिपार्ट फॉर स्पेशल ऑपरेशंस, सावित्री, 597-3/2,जी .सी.एफ.रोड, सिविल लाईंस, जबलपुर (म.प्र.) 482001

## ई- नीलामी बिक्री नोटिस

### अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी की पब्लिक नोटिस

सिक्योरिटाईजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल एसेट्स एंड इंफोर्समेंट आफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के तहत बैंक को बंधक अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री नोटिस जो सिक्योरिटी इंटरेस्ट (इंफोर्समेंट) नियम, 2002 के नियम 8(6)के सहपठित है।

जनता को सामान्यतया व देनदारों/बंधक/गारंटरों को विशेषतया नोटिस दी जाती है कि एचडीएफसी बैंक लि. के प्रा.अधिकारी ने निम्न लोन एकाउन्ट में सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन आफ फाइनेंशियल एसेट्स एंड इंफोर्समेंट आफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 की सेक्शन 13(2)के तहत जारी डिमांड नोटिस के पालन में निम्न संपत्तियों के भौतिक कब्जा ले लिया था जिसके साथ बैंक के बकायों व निम्नानुसार ब्याज की वसूली के लिए उसे जैसी है, जहां है, जैसी है जो भी है, जो कुछ भी है व बिना रिकोर्स आधार पर उसे बेचने का अधिकार है तथा क्योंकि बकायों को चुकाने में असफलता के कारण अधोहस्ता. उक्त नियमों के नियम 8 के सहपठित उक्त एक्ट की सेक्शन 13(4) के तहत संपत्ति की बिक्री से बैंक के बकायों को वसूलना चाहते है। निम्न संपत्ति की बिकी ई-नीलामी से वेब पोर्टल https://www.bankeauctions.com के जरिए संचालित होगी।

### अचल संपत्ति विवरण/एकाउन्ट/राशि/ईएमडी/ आदि की जानकारी

| स. क्र. | शाखा और खाते का नाम | सम्पत्ति के बंधक और गारंटर का नाम | भूमि का विस्तृत विवरण | डिमांड नोटिस के अनुसार राशि डिमांड नोटिस का दिनांक | निरीक्षण का दिनांक व समय | आरक्षित मूल्य ईएमडी बोली वृद्धि राशि कीमत | ई-नीलामी की दिनांक व समय | बोली प्राप्त करने की अंतिम तारीख | अधिकृत अधिकारी का नाम/फोन नं. ईमेल आईडी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | शाखा कटनी में मेसर्स हीरा दाल उद्योग | श्री मनोज कुमार कटारिया एवं रमेश लाल कटारिया | भूखण्ड स्थित है ग्राम इमलिया प.ह.नं. 44/35 स.क्र. 36,आर.सी.एम. पहाणी में जिला कटनी ख.नं.76/01 क्षेत्र 0.159 तथा ख.नं.91/02-6 क्षेत्र 0.11 हे. (11965 वर्गफीट शमशानघाट के पास केम्प कटनी) (म.प्र.) स्वामित्व श्री रमेश लाल कटारिया | रू.7943708.04 दिनांक 27/04/2017 | दिनांक 31/07/2020 समय प्रात: 10 बजे | रू.42.30 लाख रू.4.23 लाख रू.100,000/- | 25/08/2020 11 बजे से दोप. 1 बजे तक | 22/08/2020 शाम 4 बजे तक | आशीष रावत E-mail- Ashish. rawa19 hdfcbank .com |
| 2. | शाखा कटनी में मेसर्स ट्रेड सेन्टर | श्री विक्रम कुमार वनवानी श्री मोहन लाल बजाज श्रीमती रेशमा वनवानी और श्री प्रहलाद राय वनवानी | प्लाट नं 279,272,280,281,282,283,284 माधव नगर शीट नं.08 खाता नं. 315 पुर्नवास भूमि मौजा खेबर लाईन, कटनी तह.एवं जिला कटनी (म.प्र.) भूमि स्वामी श्री मोहन लाल बजाज | रू.54,87758.37 दिनांक 04/03/2017 | दिनांक 31/07/2020 समय प्रात: 10 बजे | रू.79.63 लाख रू.7.96 लाख रू.100,000/- | 25/08/2020 11 बजे से दोप. 1 बजे तक | 22/08/2020 शाम 4 बजे तक | आशीष रावत Ashish. E-mail- Ashish. rawa19 hdfcbank .com |

नियम व शर्ते :

(1)ई-नीलामी - जहां है जैसी है, जो कुछ भी है व बिना रिकोर्स आधार पर संचालित हो रही है।

(2)इच्छुक बिडस वेब पोर्टल https://www.bankeauctions.com के जरिए अपनी ईएमडी विवरण का दस्तावेज जमा करेंगे (यूजर आईडी व पासवर्ड नि:शुल्क प्राप्य है नाम को https://www.bankeauctions.com पर रजिस्टर करके) लॉगिन आईडी व पासवर्ड के जरिए। ईएमडी निम्न एकाउन्ट 02400930000063 में NEFT/RTGS से देय होगा, एकाउन्टका नाम क्लीयर होने वाले फण्ड: डॉक सर्व, हितग्राही का नाम एचडीएफसी बैंक लि. IFSC Cod. HDFC0000240 नोट करें कि बतौर ईएमडी चेक/डिमांड ड्राफ्ट स्वीकार्य नहीं होंगे।

(3)प्रा.अधिकारी की अधिकतम जानकारी के अनुसार, संपत्ति पर बैंक रिकार्ड के अनुसार कोई अधिभार नहीं है यानि विधिक बकाया जैसे संपत्ति कर, सोसायटी बकाया/अधिभार/टेक्स एरियर/बिडर अधिभार, संपत्ति की टायटल के बारे में निजी स्वतंत्र पूछताछ करें तथा निरीक्षण करके संतुष्ट हो। संपत्ति का निरीक्षण उक्त तिथि व समय पर किया जा सकता है।

(4)बिडर जिसने ईएमडी जमा की हो व जिसे लॉगिन आईडी व पासवर्ड निर्मित करते अपलोडिंग द्वारा बिड जमा करते, ई-बिडिंग प्रोसेस पर ट्रेनिंग में सहायता चाहिए वे सम्पर्कें करें सर्विस प्रोवाईडर मे. सी, इंडिया प्रा.लि.प्लाट नं. 301, गल्फ पेट्रो केम बिल्डिंग, उद्योग बिहार, फेस 2, गुडगांव, हेल्पलाईन नं. 0124-4302020/21/22/23/24 श्री दानिश खान मोबाइल नं. 09826804343, 09111444797 व श्री हरीश गौड़ा, मोबाइल 09594597555 हेल्प लाईन ई-मेल आईडी support@bankeautctions.com व किसी संपत्ति संबंधी पूछताछ हेतु उपयुक्त प्रा. अधिकारी से कार्यसमय में कार्यदिवस पर सम्पर्क करें (10.00) बजे से 5.00 बजे तक)

(5) सर्वोच्च बिड एचडीएफसी बैंक लि. की स्वीकृति पर निर्भर होगी। प्रा. अधिकारी के पास सभी या किसी प्रस्ताव/बिड को स्वीकार/रद्द करने नीलामी/बिक्री को बिना कारण बताए निरस्त करने का हक है। उनका फैसला अंतिम व मान्य होगा।

(6)विस्तृत शर्तों हेतु हमारी वेबसाईट www.hdfcbank.com and www.bankeauctions.com देखें)

सरफेसी एक्ट 2002 के नियम 8(6) के तहत विधिक 30 दिनों की बिक्री नोटिस

देनदारों/गारंटरों को इस नोटिस/ई-नीलामी तिथि से 330 दिन पहले अद्यतन सहायक खर्चों व ब्याज सहित उपर्युक्त राशि चुकानी होगी अन्यथा संपत्ति बेंची/नीलामी की जाएगी व बकाया, यदि कोई है को ब्याज व लागत सहित वसूल किया जाएगा।

स्थान : जलबलपुर (म.प्र.)
दिनांक : 04.07.2020

प्रा.अधिकारी
एचडीएफसी बैंक लि.